# उद्यमी करें निवेश, सरकार करेगी सुरक्षा

जागरण संवाददाता, कानपुर : निर्धारित लक्ष्य से तकरीबन तीन गुणा निवेश प्रस्ताव मिलने पर उत्साहित औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कानपुर इन्वेस्टर्स समिट में उद्यमियों से आह्वान किया कि लखनऊ में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 20 दिन बाकी हैं, तब तक निवेश प्रस्ताव को एक लाख करोड़ रुपये करना है। उन्होंने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि अब प्रदेश में किसी बात का भय नहीं रह गया। गुंडे, माफिया डर कर भाग गए हैं। उद्यमियों के निवेश की 100 प्रतिशत सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की है। समिट में यूपीसीडा में 11 हजार 819 करोड़ और एमएसएमई में नौ हजार 229 करोड़ का निवेश होने के प्रस्ताव किया गया।

## बोले नंदी

औद्योगिक विकास मंत्री ने कहा कि पिछले दिनों पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन पर सैफई में किस तरह की भीड़ जुटाई गई, उसे सभी ने देखा। वहीं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां का निधन हुआ तो वहां सादगी से अंत्येष्टि हुई, ये भी लोगों ने देखा। उससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पिता जी का जब निधन हुआ, तब वह कोरोना को लेकर बैठक कर रहे थे। सूचना मिलने पर कोई उन्हें भावुक होता हुआ न देखे, इस कारण से वह अंदर कमरे में गए और अपने आंसू पोंछ कर वापस बैठक में आ गए। यह भाजपा और सपा के बीच का अंतर है, जिसे सबने देखा है।